केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
( शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन )
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Education, Govt. of India)

**समन्वय/सीबीएसई सलाहकार/परीक्षा.2026/14235** **दिनांक: 13.02.2026**

**सेवा में,**
**प्रधानाचार्य / प्रमुख**
**सीबीएसई से संबद्ध विद्यालय**
**(वेबसाइट के माध्यम से)**

**विषय: विद्यालयों, अभिभावकों और विद्यार्थियों के लिए परामर्श**

कक्षा 10 और 12 के लिए बोर्ड परीक्षा मंगलवार अर्थात् 17 फरवरी 2026 से शुरू होगी। इस वर्ष, भारत और विदेश के 26 देशों से 46 लाख से अधिक छात्र परीक्षा में शामिल होंगे।

चूंकि, परीक्षा प्रात: 10.30 बजे शुरू होगी, इसलिए सभी छात्रों को प्रात: 10.00 बजे या उससे पहले अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंचने के लिए निर्देशित किया गया है।
महत्वपूर्ण राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलनों, उच्च स्तरीय बैठकों और परीक्षा के दिनों के दौरान आयोजित होने वाले अन्य कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए, यातायात नियमों के कारण, देश के विभिन्न हिस्सों में भीड़भाड़, मार्ग परिवर्तन और देरी हो सकती है।

इसलिए, सभी छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे अपने घरों से जल्दी निकलें ताकि वे सीबीएसई द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार समय पर परीक्षा केंद्र पर पहुंच सकें।

पूरे भारत और अन्य देशों में सीबीएसई के सभी छात्रों से अनुरोध है कि वे स्थानीय परिस्थितियों, यातायात, मौसम की स्थिति, दूरी आदि को ध्यान में रखते हुए प्रात: 10.00 बजे (आईएसटी) या उससे पहले परीक्षा केंद्र तक पहुंचने की योजना बनाएं क्योंकि छात्रों को केवल प्रात: 10.00 बजे तक ही प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी।

सभी विद्यालयों से अनुरोध है कि वे अभिभावकों और छात्रो की मदद और उनका मार्गदर्शन करें। छात्रों को एक बार पुन: सलाह दी जाती है कि वे अपने परीक्षा केंद्र पर पहले जाकर और अपनी यात्रा की योजना बनाएं ताकि वे सभी परीक्षा के दिनों में समय से पहले या समय पर पहुंच सकें।

ह/-
**(डॉ. संयम भारद्वाज)**
**परीक्षा नियंत्रक**

के. मा. शि. बो., एकीकृत कार्यालय परिसर, सेक्टर–23, फेज–1, द्वारका, नई दिल्ली–110077
CBSE Integrated Office Complex, Sector-23, Phase-1, Dwarka, New Delhi-110077
Phone (off.) : 011-24050336-42, Website: www.cbse.gov.in